# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.
An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL
Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक : बी0एस0बी0सी0सी0एल0–93/2016–परामर्शी सेवा 06 दिनांक : 06/01/17

प्रेषक,

अमृत लाल मीणा,
प्रबंध निदेशक,

सेवा में,

उप महाप्रबंधक
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0,
परियोजना कार्यान्वयन इकाई,
सहरसा।

**विषयः–माह नवम्बर, 2016 तक की समीक्षात्मक टिप्पणी।**

महाशय,

माह नवम्बर, 2016 तक परियोजना कार्यान्वयन इकाई सहरसा के अन्तर्गत योजनाओं की निगम स्तर पर समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक टिप्पणी निम्नवत् है।

**2. <u>भौतिक प्रगति</u>**

**(i) PHC to CHC उत्क्रमण का कार्यः**

इस योजना के अन्तर्गत 10 अदद कार्य कराये जाने थे। इन में से 07 अदद कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा 03 अदद योजना चौसा, कुमारखंड एवं मुरलीगंज प्रगति में है। कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं है। शीघ्र पूरा किया जाये। यदि सम्वेदक कार्य में रूचि नहीं ले रहे हैं तो उन्हें SBD की कंडिका के तहत दण्डित किया जाये।

**(ii) 550 परम्परिक गोदाम निर्माण की योजनाः**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 14+18=32 अदद पारम्परिक गोदाम निर्माण की योजना का कार्यान्वयन कराया जाना था। इन योजनाओं में से 05 अदद योजनाएँ स्थगित की गयी है। शेष 27 अदद योजनाओं में से 25 अदद योजनाएँ पूर्ण की जा चुकी है तथा 02 अदद योजना बिहारीगंज एवं शंकरपुर में स्थल उपलब्ध नहीं रहने के कारण योजना स्थगित की जा चुकी है।

**(iii) 144 PEB गोदाम निर्माण योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 6+4=10 अदद PEB गोदाम का निर्माण कार्य करना था। अब तक कोई भी योजना पूर्ण नहीं है। 05 अदद स्थलों पर योजना के प्रगति में तथा 04 जगह योजना को प्रारम्भ करने की कार्रवाई की जा रही है।

**(iv) प्रेस क्लब का निर्माण कार्य :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अदद प्रेस क्लब के निर्माण कार्य की योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है। इन योजनाओं में से 02 अदद योजना का कार्य पूर्ण होने तथा 01 अदद योजना मधेपुरा की प्रगति में रहने की सूचना दी गयी है। योजना को शीघ्र पूरा किया जाये।

**(v) पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की योजना :**

इस योजना के अन्तर्गत कुल 03 अदद पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जाना है। इन योजनाओं में से 01 अदद योजना के लिए स्थल अनुपलब्ध रहने की सूचना दी गयी है। शेष 02 अदद योजना में से 01 अदद योजना पूर्ण हो चुकी है तथा फुलौत (मधेपुरा) में कार्य प्रगति पर है। योजना को शीघ्र पूरा कराया जाये।

**(vi) समाज कल्याण विभाग :**

इसके अन्तर्गत 02 पर्यवेक्षणगृह का निर्माण कराया जाना था। इस योजना के अन्तर्गत मधेपुरा में पर्यवेक्षण गृह तथा रिमान्ड होम के चहारदीवारी निर्माण कार्य प्रगति में है। शीघ्र पूरा किया जाये।

**(vii) विधि विभाग :**

इसके अन्तर्गत मधेपुरा जिला में 01 अदद ए0डी0आर0 भवन का निर्माण कराया जाना था। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसे शीघ्र हस्तान्तरित किया जाये।

**(viii) सिविल विमानन विभाग :**

इसके अन्तर्गत सहरसा हवाई अड्डा का रनवे मरम्मति एवं लाउन्ज निर्माण का कार्य किया जाना था। योजना पूर्ण हो चुकी है।

2. <u>वित्तीय प्रगतिः</u>

आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई के अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं के लिए कुल ₹9048.04 लाख के एकरारनामा के विरूद्ध 31 मार्च, 2016 तक आपके द्वारा कुल ₹1078.42 लाख का भुगतान किया गया है। इस प्रकार आपकी वित्तीय प्रगति मात्र 16% है, जो बहुत ही कम है। इसमें प्रगति लाया जाये।

**3. पी0एम0आई0एस0 एवं प्रबंधन :**

निदेशों के बावजूद भी आपके द्वारा PMIS पर सूचनायें उपलब्ध नहीं कराई गयी है। कृपया PMIS को शीघ्र अद्यतन कर सूचित करें।

**4. <u>मासिक लेखा :</u>**

निदेश के बावजूद भी आपके द्वारा मासिक लेखा समर्पित नहीं किया जा रहा है।

**5. <u>गुण नियंत्रण :</u>**

आपके परिक्षेत्राधीन गुण नियंत्रण प्रयोगशाला पूर्व से स्थापित है किन्तु इस प्रयोगशाला में जाँच किये गये नमूनों का जाँच फल निगम को अब तक अप्राप्त है। अगले माह से प्रयोगशाला में जितने भी जाँच किये जाएँ उसके जाँचफल की एक प्रति महाप्रबंधक (गुण नियंत्रण) को उपलब्ध कराया जाये।

**6. <u>ATR का समर्पण :</u>**

आपके द्वारा ATR समर्पित किया गया है। प्रासंगिक पत्र द्वारा प्रेषित MRN में पूछे गये विन्दूओं पर प्रतिवेदन स्पष्ट नहीं है। कृपया पूर्ण योजनाओं के लिये तैयार किये गये अन्तिम विपत्र उसकी राशि तथा अवशेष कार्यों का टाईम लाईन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपर्युक्त के परिपेक्ष्य में आपके परियोजना कार्यान्वयन इकाई का कार्य–कलाप सामान्य नहीं कहा जा सकता है। आपको संवेदनशील होने एवं योजनाओं का ससमय पूर्ण कराने के प्रयास करने की आवश्यकता है। आपको निर्देश है कि सभी विन्दूओं पर तीन सप्ताह के अन्दर की गयी कार्रवाई से सम्बन्धित (Action taken report) प्रतिवेदन समर्पित किया जाये।

विश्वासभाजन

31.12.16

**(अमृत लाल मीणा)**

ज्ञापांकः– 06 दिनांकः– 06/01/2017

प्रतिलिपि : मुख्य महाप्रबंधक, सभी महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक सारण, परियोजना प्रबंधक, आई0टी0 मैनेजर, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**महाप्रबंधक (परामर्शी सेवा)**